RAJNANDINI METAL LIMITED

Ref. No - RML/NSE/94/2020-21

To

November 24, 2020

**The Manager (Listing Department)**
**National Stock Exchange of India Limited**
Exchange Plaza
Plot No. C/1, G Block
Bandra Kurla Complex, Bandra East
Mumbai -400051

**NSE Scrip Symbol**: RAJMET

**Sub:** Newspaper Advertisement – Disclosure under regulation 30 of SEBI (Listing Obligations and Disclosure Requirement) Regulations 2015

Dear Sir / Madam,

Please find enclosed herewith the copies of newspaper advertisement of Postal Ballot Notice which has been published in English newspaper having nationwide circulation (Financial Express) and one in vernacular language newspaper (Jansatta) dated November 24, 2020 confirming dispatch of Postal Ballot Notice through e-mail, process for registration of e-mail address and remote e-voting information. A copy of said newspaper advertisements are also available on our website at www.rajnandinimetal.com.

You are requested to kindly take the same on record.

Thanking You,

FOR **RAJNANDINI METAL LIMITED**

For Rajnandini Metal Limited

Managing Director

**Het Ram Sharma**
**Managing Director**
DIN: 02925990
H. No. 307, Sector 21C,
Faridabad, Haryana 121012

# अमेरिका ने फिलीपीन को प्रक्षेपास्त्र और हथियार मुहैया कराए

मनीला, 23 नवंबर (एपी)।

अमेरिकी सरकार ने इस्लामिक स्टेट से संबद्ध आतंकी समूहों से मुकाबले और दक्षिण चीन सागर में हमला होने की स्थिति में बचाव के लिए अपने साझेदार फिलीपीन को गाइडेड मिसाइलें और अन्य हथियार मुहैया कराए हैं।

अमेरिकी सरकार की तरफ से राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार रॉबर्ट ओ ब्राइन ने मनीला में सोमवार को विदेश मंत्रालय के कार्यक्रम में शिरकत की जहां उन्होंने फिलीपीन की सेना को मिसाइलें और अन्य हथियारों की आपूर्ति की घोषणा की। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने अप्रैल में फिलीपीन के राष्ट्रपति रोड्रिगो दुर्तेते के साथ बातचीत में 1.8 करोड़ डॉलर की मिसाइलें देने का संकल्प जताया था। ओ ब्राइन ने एक के बाद एक कई चक्रवाती तूफानों में जान—माल के नुकसान को लेकर फिलीपीन से संवेदना प्रकट की और कोरोना महामारी से निपटने में देश को अमेरिकी सहायता को रेखांकित किया।

ओ ब्राइन ने पश्चिम एशिया में आतंकवादी समूह इस्लामिक स्टेट को परास्त करने में अमेरिकी सरकार की भूमिका का जिक्र किया और दक्षिणी फिलीपीन में आइएस से संबद्ध आतंकियों को खत्म करने को लेकर प्रतिबद्धता जताई। ब्राइन ने अमेरिका के विदेश मंत्री माइक पोम्पिओ के भी पूर्व के बयान को दोहराया कि दक्षिण चीन सागर में फिलीपीन सैन्य बलों पर किसी भी तरह के हमले के मद्देनजर द्विपक्षीय भागीदारी के तहत प्रतिबद्धता के हिसाब से कदम उठाया जाएगा।



मनीला में फिलीपीन के विदेश मंत्री टियोडोरो लोचिन जूनियर से कोहनी मिलाते अमेरिका के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार रॉबर्ट ओ ब्राइन।

## खबर कोना

### सैन जोस के गिरजाघर में हमला, दो लोगों की मौत

सैन जोस (अमेरिका) 23 नवंबर (एपी)।

अमेरिका के कैलिफोर्निया के गिरजाघर में रविवार रात हुए हमले में दो लोगों की मौत हो गई और कई अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। सैन जोस पुलिस और मेयर सैम लिकार्डो ने यह जानकारी दी। लिकार्डो ने रविवार देर रात ट्वीट किया, 'ग्रेस बैपटिस्ट चर्च में धारदार हथियार से किए गए हमले में मारे गए समुदाय के दो लोगों के परिवार के साथ हमारी संवेदनाए हैं।' मेयर ने ट्वीट में यह भी बताया था कि संदिग्ध को गिरफ्तार किया जा चुका है लेकिन बाद में ट्वीट हटा दिया। इसके बाद उन्होंने बताया कि पुलिस स्थिति पर अपना बयान जारी करेगी। सैन जोस पुलिस ने ट्विटर पर बताया कि अधिकारी गिरजाघर पहुंचे। विभाग ने मारे गए लोगों की पुष्टि की और कहा कि कई लोग हमले में घायल भी हुए हैं, जिनमें से कई की जान को खतरा भी है। पुलिस ने बताया कि हमले के समय गिरजाघर में कोई प्रार्थना सभा नहीं हो रही थी, लेकिन ठंड के कारण वहां कई लोगों को गिरजाघर लाया गया था।

### अमेरिका में डॉ. अजय लोढ़ा का कोविड-19 से निधन

न्यूयार्क, 23 नवंबर (भाषा)।

भारतीय-अमेरिकी चिकित्सक व समुदाय के नेता अजय लोढ़ा का कोविड-19 संबंधी परेशानियों के चलते निधन हो गया। भारतीय मूल के 'अमेरिकन एसोसिएशन ऑफ फिजिशियन '(एएपीआई) के पूर्व अध्यक्ष का पिछले आठ महीने से 'क्लीवलैंड क्लिनिक' में कोविड-19 संबंधी परेशानियों का इलाज चल रहा था और 21 नवम्बर को उन्होंने आखिरी सांस ली। वह 58 वर्ष के थे। उनके परिवार में प स्मिता, एक बेटा अमित और बेटी श्वेता हैं।

### ऑनलाइन चुने गए 32 विजेताओं में चार भारतवंशी

न्यूयार्क, 23 नवंबर (भाषा)।

वैश्विक कोरोना विषाणु महामारी के कारण पहली बार 'अमेरिका रोड्स स्कॉलर्स' का चयन ऑनलाइन किया गया। इसके तहत 32 छात्रों ने ऑक्सफोर्ड विश्वविद्यालय में छात्रवृत्ति हासिल की है। इनमें से 22 'अल्पसंख्यक' (स्टूडेंट ऑफ कलर) और 10 अश्वेत हैं। इसमें चार अमेरिकी-भारतीय छात्र स्वाति आर. श्रीनिवासन, विजयसुंदरम रामसैमी, गरिमा पी. देसाई और सवरानी संका हैं।

# महात्मा गांधी के पड़पोते सतीश धुपेलिया का कोरोना से निधन

जोहानिसबर्ग, 23 नवंबर (भाषा)।



महात्मा गांधी के दक्षिण अफ्रीका मूल के पड़पोते सतीश धुपेलिया का कोरोना विषाणु संक्रमण संबंधी जटिलताओं के चलते रविवार को यहां निधन हो गया। वह 66 वर्ष के थे और तीन दिन पहले ही उनका जन्मदिन था। उनके परिवार के सदस्य ने यह जानकारी दी।

धुपेलिया की बहन उमा धुपेलिया-मेस्थरी ने इसकी पुष्टि की कि उनके भाई की कोविड-19 संबंधित जटिलताओं से मौत हो गई है। उन्होंने बताया कि उनके भाई को निमोनिया हो गया था। उसके उपचार के लिए वह एक माह अस्पताल में थे और वहीं वह संक्रमण की चपेट में आ गए। उन्होंने सोशल मीडिया पोस्ट में कहा, 'निमोनिया से एक माह पीड़ित रहने के बाद मेरे प्यारे भाई का निधन हो गया। अस्पताल में उपचार के दौरान वह कोविड-19 की चपेट में आ गए थे।' सोशल मीडिया पर पोस्ट में उन्होंने कहा, 'आज शाम उन्हें दिल का दौरा पड़ा।' उनके परिवार में दो बहनें उमा और कीर्ति मेनन हैं, जो यहीं रहती हैं। ये तीनों भाई-बहन मणिलाल गांधी के वारिस हैं, जिन्हें महात्मा गांधी अपने कार्यों को पूरा करने के लिए दक्षिण अफ्रीका में ही छोड़ कर भारत लौट आए थे।'

# ट्रंप ने पेनसिलवेनिया में मुकदमा खारिज करने के खिलाफ अपील की

पेनसिलवेनिया, 23 नवंबर (एपी)।

राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने पेनसिलवेनिया में चुनाव परिणाम को चुनौती देने के उनके अभियान के प्रयास को संघीय न्यायाधीश द्वारा खारिज करने के फैसले के खिलाफ अपील दायर की है। अमेरिका में संघीय न्यायाधीश ने ट्रंप के अभियान की ओर से पेनसिल्वेनिया में दायर उस मुकदमे को खारिज कर दिया था, जिसमें लाखों मतों को अवैध घोषित करने की मांग की गई थी।

यूएस मिडल डिस्ट्रिक्ट ऑफ पेनसिलवेनिया के न्यायाधीश मैथ्यू ब्राउन ने ट्रंप अभियान का अनुरोध शनिवार को खारिज कर दिया, जिससे चुनाव के परिणामों को चुनौती देने के राष्ट्रपति ट्रंप के प्रयासों को खासा झटका लगा। अब राष्ट्रपति तथा अन्य वादियों ने थर्ड यूएस सर्किट कोर्ट ऑफ अपील्स में रविवार को अपीली नोटिस दिया, जो नव-निर्वाचित राष्ट्रपति जो बाइडेन को पदभार संभालने से रोकने का एक और प्रयास है।

# कोरोना : पाक में शैक्षणिक संस्थान 10 जनवरी तक हुए बंद

इस्लामाबाद, 23 नवंबर (भाषा)।

पाकिस्तान में कोविड-19 में मामलों में वृद्धि के मद्देनजर सभी शैक्षणिक संस्थानों को 26 नवंबर से 10 जनवरी तक फिर से बंद करने का निर्णय सोमवार को लिया गया। दो महीने से कुछ दिन पहले ही स्कूल कालेज खोले गए थे।

देश में अब तक 3.7 लाख लोग कोरोना संक्रमण के शिकार हो चुके हैं और 7,700 मरीज कोविड-19 से अपनी जान गंवा चुके हैं। पाकिस्तान के शिक्षा मंत्रियों की एक बैठक में यह निर्णय लिया गया। संघीय शिक्षा मंत्री शफकत महमूद ने चारों प्रांत के शिक्षा मंत्रियों और पाक के गैरकानूनी कब्जे वाले कश्मीर और गिलगित बल्तिस्तान के प्रतिनिधियों की बैठक की अध्यक्षता की। महमूद ने कहा, 'निर्णय लिया गया है कि सभी स्कूल, कालेज तथा विश्वविद्यालय ऑनलाइन माध्यम से पठन पाठन जारी रखेंगे और सभी शैक्षणिक संस्थानों को 26 नवंबर से 24 दिसंबर तक बंद रखा जाएगा।' उन्होंने कहा, 'सर्दी की छुट्टियां 25 दिसंबर से 10 जनवरी तक होंगी। संस्थान 11 जनवरी को खुलेंगे। लेकिन जनवरी के पहले सप्ताह में स्थिति की समीक्षा के लिए बैठक की जाएगी।'

महामारी की शुरुआत में बंद किए गए शैक्षणिक संस्थानों को छह महीने बाद 15 सितंबर को खोला गया था। मंत्री ने कहा कि परीक्षाएं रद्द कर दी गई हैं और जनवरी में संस्थान खुलने के बाद इनका आयोजन होगा। प्रवेश परीक्षाएं तय समय पर होंगी। महामारी से 34 और मरीजों की मौत हो गई जिसके बाद मृतकों की संख्या 7,696 पर पहुंच गई।

# जेद्दा में सऊदी के तेल भंडार पर हमला किया : हूती विद्रोही

दुबई, 23 नवंबर (एपी)।

यमन के हूती विद्रोहियों ने दावा किया कि उन्होंने सोमवार को सऊदी अरब के जेद्दा में तेल भंडार पर नई क्रूज मिसाइल से हमला किया। इस घटना से कुछ घंटे पहले ही 20 नेताओं के समूह के ऑनलाइन सम्मेलन की सऊदी अरब ने मेजबानी की थी।

सऊदी अरब ने हमले के बारे में तत्काल कुछ नहीं कहा है। हालांकि सोशल मीडिया पर उपलब्ध वीडियो में अरामको के तेल भंडार में लगी आग देखी जा सकती है। हूती सेना के प्रवक्ता ब्रिगेडियर जनरल येहिया सारी ने ट्वीट कर बताया कि तेल भंडार पर नई क्वाड 2 क्रूज मिसाइल दागी गईं। जनरल ने सैटेलाइट इमेज भी पोस्ट की जो अरामको के नॉर्थ जेद्दा बल्क प्लांट से मिलती जुलती है जहां पर तेल उत्पाद टैंकों में भरकर रखे जाते हैं। यह भंडार जेद्दा के किंग अब्दुलअजीज अंतरराष्ट्रीय हवाईअड्डे के दक्षिणपूर्व में स्थित है। सऊदी अबर के सरकारी मीडिया ने हूती विद्रोहियों के दावे की अभी पुष्टि नहीं की है।

# अपील को नजरंदाज कर छुट्टियों में उड़ान भर रहे हैं अमेरिकी

प्रोविडेंस, रोड आइलैंड (अमेरिका), 23 नवंबर (एपी)।

कोविड-19 के मद्देनजर देश की सबसे बड़ी स्वास्थ्य एजंसी द्वारा लोगों से यात्रा न करने का आग्रह किए जाने के बावजूद लाखों की संख्या में अमेरिकी नागरिकों ने 'थैंक्सगिविंग' दिवस की छुट्टियों में घूमने के लिए टिकट खरीदे हैं।

नेशनल कंज्यूमर लीग के जॉन ब्रेयौल्ट ने कहा, 'यदि उपभोक्ताओं को लगता है कि स्वास्थ्य कारणों से यात्रा नहीं करनी चाहिए तो उन्हें फ्लाइट से यात्रा की योजना रद्द कर देनी चाहिए।' यात्रा रद्द करने पर अधिकांश विमानन कंपनियां नकद पैसा नहीं लौटाएंगी लेकिन वह शुल्क माफ कर रही हैं और वाउचर दे रही हैं। ब्रेयौल्ट ने कहा कि कंपनियों की नीतियों को समझना होगा क्योंकि हर विमानन कंपनी का वाउचर अलग होता है और निर्भर करता है कि कब टिकट बुक किया गया था। परिवहन सुरक्षा प्रशासन के अनुसार शुक्रवार और शनिवार को अमेरिका के हवाई अड्डों पर 20 लाख से अधिक लोगों की जांच की गई।

हालांकि पिछले साल के मुकाबले यह संख्या बहुत कम है लेकिन इस साल मार्च के मध्य से लेकर अब तक की अवधि में शुक्रवार को दूसरी बार ऐसा हुआ कि हवाई अड्डों पर दस लाख से अधिक लोगों की जांच की गई।

# नेतन्याहू ने सऊदी अरब के शहजादे से मुलाकात की : मीडिया

यरुशलम, 23 नवंबर (एपी)।

इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने सऊदी अरब के शहजादे (क्राउन प्रिंस) मोहम्मद बिन सलमान के साथ मुलाकात की। इजराइली मीडिया की सोमवार को खबर में यह जानकारी दी गई है। हिब्रू भाषा के मीडिया ने अज्ञात इजराइली अधिकारी के हवाले से बताया कि नेतन्याहू और इजराइली खुफिया एजंसी मोसाद के प्रमुख योसी कोहेन रविवार को सऊदी शहर निओम रवाना हुए थे जहां उन्होंने सलमान से मुलाकात की।

अनुसूची II
फॉर्म बी
सार्वजनिक घोषणा
(इन्सॉल्वेंसी एंड बैंगक्रप्सी (परिसमापन प्रक्रिया) विनियमावली, 2016 का विनियम 12)
ग्लोबलाइट इंडस्ट्रीज प्रा. लि. के स्टेकहोल्डरों के सूचनार्थ/ध्यानार्थ

| क्र.सं. | विवरण | ब्यौरा |
|---|---|---|
| 1. | कारपोरेट देनदार का नाम | ग्लोबलाइट इंडस्ट्रीज प्रा. लि. |
| 2. | कारपोरेट देनदार के निगमन की तारीख | 21 जून, 2005 |
| 3. | प्राधिकरण जिसके तहत कारपोरेट देनदार निगमित/ पंजीकृत है | कंपनी पंजीयक – दिल्ली |
| 4. | कारपोरेट देनदार की कारपोरेट पहचान संख्या | U18101DL2005PTC137821 |
| 5. | कारपोरेट देनदार के पंजीकृत कार्यालय और प्रधान कार्यालय (यदि कोई हो) का पता | पंजी. कार्यालयः मकान नं. 40, जी–ब्लॉक, भगत सिंह पार्क, सिरसपुर दिल्ली नॉर्थ वेस्ट, दिल्ली–110042 |
| 6. | इन्सॉल्वेंसी संकल्प प्रक्रिया समापन की तारीख | 17 नवंबर, 2020 |
| 7. | कारपोरेट देनदार का परिसमापन शुरू होने की तिथि | 18 नवंबर, 2020 (आदेश की प्रति 23 नवंबर, 2020 को प्राप्त हुई, एनसीएलटी की वेबसाइट पर सूचना के आधार पर) |
| 8. | परिसमापक के रूप में कार्यरत इन्सॉल्वेंशी प्रफेशनल का नाम और पंजीकरण संख्या | श्री काशी विश्वनाथ सिवारमन IBBI/IPA-001/IP-P00900/2017-2018/11497 |
| 9. | परिसमापक का बोर्ड में यथापंजीकृत पता व ई–मेल | पताः फ्लैट नं. 204, ब्लॉक–मेनका, बीउएस इंद्रलोक, प्लॉट नं. जीएच–1, न्याय खंड–1, इंदिरापुरम, गाजियाबाद, उत्तर प्रदेश–201014 ईमेलः– sivarita68@yahoo.com |
| 10. | परिसमापक के साथ पत्राचार के लिए पता और ई–मेल | पताः एएए इन्सॉल्वेंशी प्रफेशनल्स एलएलपी ई–10ए, कैलाश कालोनी, ग्रेटर कैलाश–1, नई दिल्ली–110048 ईमेलः– globalite@aaainsolvency.com |
| 11. | दावे जमा करने की अंतिम तिथि | 22 दिसंबर, 2020 |

एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि दिवाला और शोधन अक्षमता कोड, 2016 की धारा 33 के तहत, राष्ट्रीय कंपनी विधि न्यायाधिकरण, नई दिल्ली पीठ, दिल्ली ने 18 नवंबर, 2020 को ग्लोबलाइट इंडस्ट्रीज प्रा. लि. का परिसमापन शुरू करने का आदेश दिया है।

ग्लोबलाइट इंडस्ट्रीज प्रा. लिमिटेड के स्टेकहोल्डरों को एतद्द्वारा मद सं. 10 पर उल्लिखित पते पर परिसमापक के पास 22 दिसंबर, 2020 तक साक्ष्य के साथ अपने दावे जमा करने के लिए कहा जाता है।

वित्तीय लेनदार अपने दावों के प्रमाण केवल इलैक्ट्रोनिक माध्यम से जमा करेंगे। अन्य सभी लेनदार अपने दावों के प्रमाण साक्ष्य के साथ व्यक्तिगत रूप में, डाक द्वारा अथवा इलैक्ट्रोनिक माध्यम से जमा कर सकते हैं।

निर्धारित फॉर्म निम्नलिखित लिंक से डाउनलोड किए जा सकते हैं:

http://ibbi.gov.in/downloadform.html

दावों के झूठे या भ्रामक साक्ष्य जमा करने पर जुर्माना लगेगा।

दिनांकः 23 नवंबर, 2020
स्थानः नई दिल्ली

श्री काशी विश्वनाथ सिवारमन
परिसमापक
IBBI/IPA-001/IP-P00900/2017-2018/11497

WISEC GLOBAL LTD
Regd. Office: NH-II, 2nd Floor, C-Block, Community Center, Naraina Vihar, New Delhi-110 028.
Tel: 011-25777192/93 (CIN : L74140DL1991PLC046609), Website: www.wisecglobal.com
STATEMENT OF STANDLONE UNAUDITED FINANCIAL RESULTS OF HALF YEAR ENDED 30.09.2020
(Rs. in Lacs)

| Sr. No. | Particulars | 6 Months Ended 30.09.2020 Unaudited | 6 Months Ended 30.09.2019 Unaudited | Year Ended 31.03.2020 Audited |
|---|---|---|---|---|
| 1(a) | Net Sales / Income from Operation | - | - | - |
| (b) | Other Operating Income | - | 8.22 | 20.67 |
| 2 | Net Profit / Loss for the Period before Tax | (5.17) | 0.13 | 6.23 |
| 3 | Net Profit / Loss for the period after Tax | (5.17) | 0.13 | 6.23 |
| 4 | Total Comprehensive Income for the Period [Comprising loss for the period ( after Tax) and other Comprehensive income) | - | - | - |
| 5 | Paid-up Equity share Capital (Face Value Rs. 10/) | 1,165.01 | 1165.01 | 1165.01 |
| 6 | Reserve excluding revaluation reserves | - | | |
| 7 | Debit balance in Profit & Loss A/c | - | - | (2589.01) |
| 8 | Earning per share (EPS) | | | |
| (a) | Basic and diluted EPS before extraordinary items | - | - | - |
| (b) | Basic and diluted EPS after extraordinary items | - | - | - |

Notes :
1. The above results were taken on record by the Board of Directors of the Company at their meeting held on 23/11/2020
2. Corresponding figures for prior period have been adjusted/ regrouped/ reclassified where ever necessary.
3. Previous period expenses are regrouped wherever necessary.

By order of the Board
For Wisec Global Limited
Sd/-
RAKESH RAMPAL
(Whole Time Director)

Place: New Delhi
Date: 23.11.2020

AMTEK
JMT AUTO LIMITED
CIN: L42274DL1997PLC270939
Regd.Office : 3, LSC,Pamposh Enclave, Guru Nanak Market,Opp.LSC Market,New Delhi-110 048
E-mail: jmt.auto@jmtauto.com; Phone : 0657-6626340
Website: www.jmtauto.com
FORM INC-26
[Pursuant to rule 30 the Companies (Incorporation) Rules, 2014]
BEFORE THE CENTRAL GOVERNMENT
REGIONAL DIRECTOR, DELHI, NORTHERN REGION

In the matter of sub-section (4) of Section 13 of Companies Act, 2013 and clause (a) of sub-rule (5) of rule 30 of the Companies (Incorporation) Rules, 2014

And

In the matter of JMT Auto Limited having registered office at 3-L S C Pomposh Enclave, Guru Nanak Mrkt, OPP L.S.C Market, New Delhi South Delhi DL 110048 IN, .............(Applicant Company)

Notice is hereby given to the General Public that the company proposes to make application to the Central Government under section 13 of the Companies Act, 2013 seeking confirmation of alteration of the Memorandum of Association of the Company in terms of the special resolution passed by way of postal ballot on **23rd November 2020** to enable the company to change its Registered Office from the **National Capital Territory ("NCT") of Delhi** to the State of **Jharkhand.**

Any person whose interest is likely to be affected by the proposed change of the Registered Office of the company may delivereither on the MCA-21 portal (www.mca.gov.in) by filing investor complaint form or cause to be delivered or send by registered post of his/her objections supported by an affidavit stating the nature of his/her interest and grounds of opposition to the **Regional Director, Northern Region, at the address B-2 Wing, 2nd Floor Paryavaran Bhawan, CGO Complex New Delhi 110003 within fourteen days** of the date of publication of this notice with a copy to the applicant company at its registered office at the address 3-L S C Pomposh Enclave, Guru Nanak Mrkt, OPP L.S.C Market, New Delhi 110048.

For and on Behalf of the Applicant
JMT Auto Limied
Sd/-
Mona K Bahadur
Company Secretary

Place : New Delhi
Date : 23.11.2020

सार्वजनिक घोषणा
[भारतीय ऋणशोध अक्षमता एवं दिवालिया (परिसमापन प्रक्रिया) विनियम, 2016 के विनियम 32 एवं 33 के तहत]
क्लोवर फोर्जिंग एण्ड मशीनिंग प्राइवेट लिमिटेड (परिसमापनाधीन) की आस्तियों की ई-नीलामी हेतु इच्छुक संविदाकारों का आमन्त्रण

| क्र. सं. | प्रासंगिक विवरण | विवरण |
|---|---|---|
| 1 | कॉर्पोरेट देनदार का नाम | क्लोवर फोर्जिंग एण्ड मशीनिंग प्राइवेट लिमिटेड (परिसमापनाधीन) |
| 2 | कॉर्पोरेट देनदार के निगमन की तिथि | 30 मई, 2012 |
| 3 | प्राधिकरण जिसके अधीन कॉर्पोरेट देनदार निगमित/पंजीकृत है | रजिस्ट्रार ऑफ कम्पनीज-दिल्ली |
| 4 | कॉर्पोरेट देनदार की कॉर्पोरेट पहचान संख्या/ सीमित दायित्व पहचान संख्या | U29221DL2012PTC236706 |
| 5 | कॉर्पोरेट देनदार के पंजीकृत कार्यालय तथा प्रधान कार्यालय (यदि कोई हो) का पता | पंजीकृत कार्यालय : कार्यालय सं. डीटीजे701, टॉवर-बी, डीएलएफ टॉवर, जसोला, नई दिल्ली-110044, भारत प्रधान कार्यालय : प्लॉट सं. बी-21, फाइव स्टार एमआईडीसी, शेन्द्रा, औरंगाबाद, महाराष्ट्र-431154 |
| 6 | कॉर्पोरेट देनदार के परिसमापन प्रारम्भ होने की तिथि | 2 जनवरी, 2020 |
| 7 | परिसमापक के रूप में ऋणशोध प्रोफेशन का नाम तथा पंजीकरण संख्या | श्री रोहित मेहरा पंजीकरण सं. : IBBI/IRA-001/IP-P00799/2017-2018/11374 |
| 8 | परिसमापक के साथ पत्राचार हेतु प्रयुक्त किया जाने वाला पता तथा ई-मेल | श्री रोहित मेहरा ईवाई रीस्ट्रक्चरिंग एलएलपी, द रूबी, 17वीं मंजिल, सेनापति बापत मार्ग, दादर (पश्चिम) तुलसी पाइप रोड, कासरवाड़ी, दादर, मुम्बई, महाराष्ट्र 400028 ई-मेल : ip.clover@in.ey.com / rohitmehra@hotmail.com |
| 9 | ई-नीलामी की तिथि | नीलामी प्रारम्भ होने की तिथि : 23 दिसम्बर, 2020, 10 बजे प्रातः नीलामी समाप्त होने की तिथि : 24 दिसम्बर, 2020 को 5 बजे अप. |
| 10 | प्रक्रिया दस्तावेज प्राप्त करने की रीति | ई-नीलामी प्रक्रिया तथा बिक्री हेतु आस्तियों का विवरण प्रोसेस मेमोरेंडम में उल्लिखित है जिसे इच्छुक संविदाकारों द्वारा ip.clover@in.ey.com पर रुचि की अभिव्यक्ति भेजकर प्राप्त किया जा सकता है। |
| 11 | आवेदन प्रपत्र जमा करने की अन्तिम तिथि | 21 दिसम्बर, 2020 |
| 12 | नीलामी प्रक्रिया का विषयगत मामला | प्रोसेस मेमोरेंडम में उल्लिखित के अनुसार क्लोवर फोर्जिंग एण्ड मशीनिंग प्राइवेट लिमिटेड की आस्तियों की ई-नीलामी के इच्छुक संविदाकारों के आमन्त्रण द्वारा |
| 13 | संविदा जमा करने की रीति | कॉर्पोरेट देनदार के परिसमापक द्वारा प्रोसेस मेमोरेंडम में निर्धारित के अनुसार |
| 14 | बिक्री का माध्यम | बिक्री का माध्यम खुली ई-नीलामी है जहां संविदाकार ओपन विंडों के दौरान अन्य संविदाकारों से अन्य प्रतिस्पर्द्धी संविदा देख सकते हैं। अधिक विवरण सीडी के परिसमापक द्वारा निर्गत प्रोसेस मेमोरेंडम में उल्लिखित हैं। |

संविदा ध्यान दें कि उपर्युक्त ई-नीलामी प्रक्रिया ऋणशोध अक्षमता एवं दिवालिया संहिता, 2016 ('संहिता') तथा उसके तहत प्रासंगिक विनियमों के अनुसार संचालित की जा रही है।
परिसमापक को किसी भी समय किसी भी परिप्रेक्ष्य में बिना कोई कारण बताए इस आमन्त्रण के संशोधन तथा/अथवा निरस्त करने का अधिकार सुरक्षित है।
तिथि : 24 नवम्बर, 2020
स्थान : औरंगाबाद, महाराष्ट्र

ह. /-
रोहित मेहरा
परिसमापक
IBBI/IPA-001/IP-P00799/2017-2018/11374

NEWGEN
न्यूजेन सॉफ्टवेयर टेक्नोलॉजीज़ लिमिटेड
सीआईएन : L72200DL1992PLC049074
पंजीकृत कार्यालयः ए-6, सतसंग विहार मार्ग, कुतुब इंस्टीटयुशनल एरिया, नई दिल्ली-110067, फोनः +91-11-40770100, 26963571,
फैक्सः (+91)-11-26856936, वेबसाइटः https://newgensoft.com
ई-मेलः investors@newgensoft.com

पोस्टल बैलेट के लिए ई-मेल पतों के पंजीकरण/ अद्यतन के संबंध में सार्वजनिक सूचना

1) सदस्यों को सूचित किया जाता है कि कंपनी इसके विशेष बिज़नेस, जो कि पोस्टल बैलेट के नोटिस में निर्धारित किया जाएगा, के संचालन के लिए कंपनीज (प्रबंधन और प्रशासन) नियम, 2014 (कोई भी सांविधिक संशोधनों अथवा इनके पुनःअधिनियमनों सहित) और कार्पोरेट मामले मंत्रालय (एमसीए) द्वारा जारी सामान्य परिपत्र सं. 14/2020, 17/2020, 33/2020 तथा भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) द्वारा जारी परिपत्रों के साथ पठित कंपनी अधिनियम, 2013 के लागू प्रावधानों के अनुपालन में पोस्टल बैलेट/ई-वोटिंग के जरिए विशेष संकल्पों के द्वारा अपने सदस्यों का अनुमोदन प्राप्त करना चाहती है।
2) उपर्युक्त परिपत्रों के अनुसरण में, पोस्टल बैलेट के नोटिस की प्रति साथ में पोस्टल बैलेट फार्म केवल इलेक्ट्रॉनिक पद्धति से उन सदस्यों को भेजा जाएगा जिन सदस्यों के ई-मेल पते कंपनी/डिपाजिटरी पार्टिसिपेंट्स के पास पंजीकृत हैं। सदस्य यह नोट कर लें कि पोस्टल बैलेट का नोटिस साथ में पोस्टल बैलेट फार्म कंपनी की वेबसाइटः https://newgensoft.com और स्टॉक एक्सचेंजों की वेबसाइट पर भी उपलब्ध कराया जाएगा।
3) **ई-मेल पतों के पंजीकरण/अद्यतन करने का तरीकाः**
➢ सदस्य, जिन्होंने अपना ई-मेल पता और मोबाइल नंबर पंजीकृत कराया/नही कराया है वे कृपया, यदि शेयर इलेक्ट्रॉनिक स्वरूप में धारण किए हुए हैं, डिपाजिटरी पार्टिसिपेंट से तथा भौतिक स्वरूप में शेयर धारण करने के मामले में कंपनी के रजिस्ट्रार और शेयर ट्रांसफर एजेंट, केफिन टेक्नोलॉजिज प्राइवेट लिमिटेड (पूर्व में कार्विफिनटेक प्राइवेट लिमिटेड के तौर पर प्रचलित ("केफिन") से संपर्क कर सकते हैं और अपने विवरण वैधीकरण/अद्यतन कर सकते हैं।
➢ सदस्य जिन्होंने अपने ई-मेल पते पंजीकृत नहीं कराए हैं और इसके परिणामस्वरूप उन्हें पोस्टल बैलेट का नोटिस साथ में पोस्टल बैलेट फार्म प्राप्त नहीं हो सका है, वे अस्थाई तौर पर अपना ई-मेल पता केफिन के पास निम्नलिखित वेबसाइट/पेजः https://ris.kfintech.com/clientservices/postalballot/ पर पंजीकृत करा सकते हैं और इसमें दी गई पंजीकरण प्रक्रिया का पालन करें। ई-मेल पते के सफल पंजीकरण के उपरांत, सदस्य को नोटिस की सॉफ्ट प्रति और इस पोस्टल बैलेट के लिए ई-वोटिंग में समर्थता के लिए यूजर आईडी तथा पासवर्ड के साथ ई-वोटिंग की प्रकिया प्राप्त होगी। किसी भी प्रश्न के मामले में सदस्यः einward.ris@kfintech.com पर लिख सकते हैं।
➢ वैकल्पिक तौर पर सदस्य पोस्टल बैलेट का नोटिस और ई-वोटिंग संबंधी अनुदेश भेजने के लिए einward.ris@kfintech.com पर ई-मेल अनुरोध पत्र, साथ में स्कैन की गई अनुरोध पत्र की हस्ताक्षरित प्रति, जिसमें ई-मेल पता, मोबाइल नंबर हो, स्वयं सत्यापित पैन प्रति और इलेक्ट्रॉनिक फोलियो के मामले में क्लायंट मास्टर कॉपी तथा फिजिकल फोलियो के मामले में शेयर प्रमाणपत्र की प्रति भेज सकते हैं।
4) ई-वोटिंग के जरिए मतदान करने का तरीकाः कंपनी अपने सभी सदस्यों को सभी संकल्पों पर जिन्हें पोस्टल बैलेट के नोटिस में निर्धारित किया जाएगा, अपना मतदान करने के लिए ई-वोटिंग सुविधा प्रदान कर रही है। ई-वोटिंग के लिए विस्तृत प्रकिया पोस्टल बैलेट के नोटिस में उपलब्ध कराई जाएगी।
5) यह सार्वजसनिक सूचना कार्पोरेट मामले मंत्रालय और सेबी के लागू परिपत्रों के अनुपालन में कंपनी के सभी सदस्यों की सूचना और लाभ के लिए जारी की जा रही है।

न्यूजेन सॉफ्टवेयर टेक्नोलॉजीज़ लिमिटेड
के लिए और उसकी ओर से
हस्ता/–
अमन मौर्या
कंपनी सचिव (सदस्यता संख्या एफ -9975)

दिनांकः 23.11.2020
स्थान : नई दिल्ली

राजनंदिनी मेटल लिमिटेड
पंजी. कार्यालयः 3 ई-17, बी.पी.एन.आई.टी. फरीदाबाद-121001, हरियाणा (भारत)
कॉर्पोरेट कार्यालयः प्लॉट नं. 344, सेक्टर-3 फेज II,
आईएमटी बावल-123501 हरियाणा (भारत)
Phone: 01284-264194 | Email:cfo@rajnandinimetal.com
Website:www.rajnandinimetal.com | CIN: L51109HR2010PLC040255

पोस्टल बैलॅट सूचना

एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि कम्पनी (प्रबंध एवं प्रशासन) नियमावली, 2014 (इस समय में लागू उसके किसी सांविधिक सुधार अथवा पुनरीक्षण सहित) के साथ पठित कार्पोरेट कार्य मंत्रालय द्वारा जारी साधारण सर्क्युलर नं. 14/2020 तिथि 8 अप्रैल, 2020, साधारण सर्क्युलर नं. 17/2020 तिथि 13 अप्रैल, 2020, साधारण सर्क्युलर नं. 22/2020 तिथि 15 जून, 2020 तथा साधरण सर्क्युलर नं. 33/2020 तिथि 28 सितम्बर, 2020 (''एमसीए सर्क्युलर'') के साथ पठित कम्पनी अधिनियम, 2013 की धारा 110 तथा लागू होने वाले किसी अन्य प्रावधानों, यदि कोई हो, के अनुसार तथा सेबी (सूचीयन दायित्व तथा उद्घाटन अपेक्षा) विनिमयन, 2015 के विनियमन 44 तथा लागू होने वाले किसी अन्य कानूनों यदि कोई हो, के अनुपालन में राजनंदिनी मेटल लिमिटेड ('कम्पनी') रिमोट इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग द्वारा पोस्टल बैलॅट सूचना तिथि 20 नवम्बर, 2020 (''सूचना'') में निर्दिष्ट प्रस्तावों को पारित करने के लिए अपने सदस्यों की स्वीकृति मांग रही है। कोविड-19 द्वारा उत्पन्न चुनौती के कारण तथा उसके अंतर्गत निर्मित नियमों के साथ पठित कम्पनी अधिनियम, 2013 की धारा 108 तथा 110 के प्रावधानों के अनुसार तथा एमसीए सर्क्युलर्स के अनुसार पोस्टल बैलॅट सूचना 23 नवम्बर, 2020 को केवल ऐसे सदस्यों को ईमेल द्वारा भेजी गई है जिन्होंने कट-ऑफ तिथि अर्थात् 20 नवम्बर, 2020 को अपने ई-मेल पते कम्पनी या डिपॉजिटरी/डिपॉजिटरी पार्टिसिपैन्ट्स के पास पंजीकृत कराए हैं। एमसीए सर्क्युलर्स के अनुसार सदस्य केवल रिमोट ई-वोटिंग सुविधा के माध्यम से ही प्रस्तावों पर मतदान कर सकते हैं। पोस्टल बैलॅट सूचना हमारी वेबसाईट **www.rajnandinimetal.com** पर उपलबध्ध है।

जिन सदस्यों ने अपने ई-मेल आईडी अभी तक पंजीकृत नहीं कराए हैं, उनसे अनुरोध है कि इस प्रकार से अपना ई-मेल आईडी पंजीकृत करा लें:

भौतिक पद्धति में शेयर धारित करने वाले सदस्योंः भौतिक पद्धति में शेयर धारित करने वाले सदस्यों जिन्होंने अपने ईमेल पते अद्यतन नहीं कराए हों, से अनुरोध है कि सदस्य के नाम एवं पते का उल्लेख करते हुए शेयर प्रमाणपत्र (फ्रान्ट एवं बैक) की स्कैन की गई प्रति, पैन कार्ड की स्वतः सत्यापित प्रति तथा किसी अन्य दस्तावेज (जैसे ड्राइविंग लाइसैस, मतदाता पहचान पत्र, पासपोर्ट) की स्वतः सत्यापित प्रति, सदस्य के पते के समर्थन में, के साथ **cs@rajnandinimetal.com** पर कम्पनी को लिखित अनुरोध कर अपना ईमेल पता अद्यतन करा लें।

डिमैटेरियलाइज्ड पद्धत्ति में शेयर धारित करने वाले सदस्योंः सदस्यों से आग्रह है कि पंजीकृत सदस्य के नाम, फोलिओ नम्बर/डीपी आईडी/क्लाइन्ट आईडी तथा धारित इक्विटी शेयरों की संख्या के साथ जिसे वे पंजीकृत करने के इच्छुक हों, उस ईमेल पते से cs@rajnandinimetal.com पर कम्पनी को ईमेल भेजकर अपना ई-मेल पता पंजीकृत करा लें।

ई-वोटिंग सुविधा प्रदान करने के लिये कम्पनी ने नेशनल सिक्युरिटीज डिपॉजिटरी लिमिटेड (''एनएसडीएल'') की सेवाऐं प्राप्त की है। ई-वोटिंग सुविधा बुधवार, 25 नवम्बर, 2020, 10.00 बजे पूर्वा. (आईएसटी) से गुरुवार, 24 दिसम्बर, 2020, 5.00 बजे अप. (आईएसटी) तक लिंक https://www.evoting.nsdl.com पर उपलब्ध है। पोस्टल बैलट (केवल रिमोट ई-वोटिंग प्रक्रिया द्वारा) का संचालन करने के लिये शुक्रवार, 20 नवम्बर, 2020 को आयोजित अपनी बैठक में कम्पनी के निदेशक मंडल ने सीएस अभिशेक जैन (सदस्यता सं. ए 28201) मै. अभिशेक जे एंड को. के प्रॉप्राईटर, कार्यरत कम्पनी सचिव की पर्यवेक्षक नियुक्त किया है।

पर्यवेक्षक अपना रिपोर्ट कम्पनी के अध्यक्ष के पास जमा करेंगे तथा कम्पनी के अध्यक्ष द्वारा पोस्टल बैलट परिणामों की घोषणा शुक्रवार, 25 दिसम्बर, 2020 को कम्पनी के पंजीकृत कार्यालय में की जायेगी। इसके अतिरिक्त परिणामों की सूचना नेशनल स्टॉक एक्सचैंज ऑफ इंडिया लिमिटेड (एनएसई) को दी जाएगी तथा साथ ही पर्यवेक्षक के रिपोर्ट के साथ इन परिणामों को कम्पनी की वेबसाईट अर्थात् www.rajnandinimetal.com पर प्रकाशित किया जायेगा तथा साथ ही वह कम्पनी के पंजीकृत कार्यालय के साथ ही साथ कॉर्पोरेट कार्यालय में भी उपलब्ध होगा।

बोर्ड के आदेश से
राजनंदिनी मेटल लिमिटेड के लिये
हस्ता./-
हेत राम शर्मा
प्रबंध निदेशक
DIN:02925990

तिथिः 23 नवम्बर, 2020
स्थानः फरीदाबाद

www.readwhere.com